Previous Year Paper

# RJS Mains Paper 2021

## PAPER – I [Civil Law]

**Note:** **Attempt all questions. Marks of each question are mentioned against the question.**

**समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके समक्ष अंकित किये गये हैं।**

**Question No. 1** **[03 Marks]**

**What is meant by "Decree"?**

"डिक्री" से क्या अभिप्रेत है?

**Question No. 2** **[03 Marks]**

**When can compensatory costs be imposed by the court under section 35 A of the Code of Civil Procedure, 1908? Can such costs also be imposed in an appeal? Explain.**

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 35क के अंतर्गत न्यायालय कब प्रतिकरात्मक खर्चा अधिरोपित कर सकता है? क्या एक अपील में भी ऐसा खर्चा अधिरोपित किया जा सकता है? व्याख्या कीजिए ।

**Question No. 3** **[03 Marks]**

**Who can institute a suit in case of a public nuisance or other wrongful act affecting or likely to affect the public?**

लोक न्यूसेंस या अन्य ऐसे दोषपूर्ण कार्य जिससे लोक पर प्रभाव पड़ता है या प्रभाव पड़ना सम्भव है, की दशा में कौन वाद संस्थित कर सकता है?

**Question No. 4** **[03 Marks]**

**What do you understand by doctrine of "frustration of contract"?**

"संविदा के नैराश्य" के सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं?

**Question No. 5** **[03 Marks]**

**What is the period of limitation to set aside a transfer of property made by the guardian of a ward by the ward's legal representative, when a ward dies within three years from the date of attaining majority and what is the time from which the period begins to run?**

प्रतिपाल्य के विधिक प्रतिनिधि द्वारा प्रतिपाल्य के संरक्षक द्वारा किए गये सम्पत्ति के अंतरण को अपास्त करने के लिए परिसीमा काल क्या है, जबकि प्रतिपाल्य प्राप्तव्य होने के तीन वर्ष के भीतर मर जाता है और वह समय क्या है, जबसे काल चलना प्रारम्भ होता है?

**Question No. 6** **[03 Marks]**

**What is "Golden Rule" of Interpretation?**

निर्वचन का "स्वर्णिम नियम" क्या है?



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**Question No. 7** **[03 Marks]**

**In the Code of Civil Procedure, 1908, what is meant by 'Legal Representative'? What is the extent of liability of a legal representative, where a decree is executed against him as legal representative of a judgement debtor?**

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में 'विधिक प्रतिनिधि' से क्या आशय है? एक विधिक प्रतिनिधि के दायित्व का विस्तार क्या है, जहां उसके विरुद्ध एक डिक्री निर्णित ऋणी के विधिक प्रतिनिधि के रूप में निष्पादित की जाती है?

**Question No. 8** **[03 Marks]**

**'X', 'Y', 'Z' jointly take a loan of Rs. 21000/- from 'A'. 'Z' becomes insolvent and 'y' is compelled to pay the entire amount. What amount can 'Y' successfully claim from 'X'? Explain with the help of relevant provisions.**

'अ' से रु21000 / का ऋण 'क', 'ख', 'ग' संयुक्त रूप से लेते हैं। 'ग' दिवालिया हो जाता है और सम्पूर्ण राशि के भुगतान हेतु 'ख' को बाध्य किया गया। 'ख', 'क' से कितनी राशि की मांग सफलतापूर्वक कर सकता है? सुसंगत प्रावधानों की मदद से स्पष्ट कीजिए।

**Question No. 9** **[04 Marks]**

**Write a short note on suit by person dispossessed of immovable property under the Specific Relief Act, 1963.**

विर्निदिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अंतर्गत स्थावर सम्पत्ति से बेकब्जा किए गये व्यक्ति द्वारा वाद पर लघु लेख लिखिए।

**Question No.10** **[04 Marks]**

**Write a short note on 'Limited Period Tenancy' under the Rajasthan Rent Control Act, 2001.**

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 के अंतर्गत 'सीमित कलावधि की किराएदारी पर लघु लेख लिखिए।

**Question No.11** **[04 Marks]**

**Briefly discuss the scope of High Court's power of revision under the Code of Civil Procedure, 1908 (the code'). What are the limitations imposed on the exercise of revisional jurisdiction under the code?**

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 ('संहिता'), के अंतर्गत उच्च न्यायालय की पुनरीक्षण की शक्तियों के विस्तार का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए। पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार के प्रयोग पर संहिता के अंतर्गत क्या सीमाऐं अधिरोपित की गई हैं?

**Question No.12** **[04 Marks]**

**"Pardoning power of the President of India is not immune from Judicial Review". Examine with the help of case law.**

"भारत के राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्ति न्यायिक पुनर्विलोकन से निरापद नहीं है"। निर्णित विधि की मदद से परीक्षित कीजिए।

**Question No.13** **[04 Marks]**

**What is the requirement of law to prove a registered will? How a will is to be proved when attesting witness could not be found? Explain with reference to relevant provisions.**

एक पंजीकृत वसीयत को साबित करने के लिए विधि की क्या अपेक्षा है? जब अनुप्रमाणक साक्षी का पता न चल सके तब एक वसीयत को किस प्रकार साबित करना होगा? सुसंगत प्रावधानों के संदर्भ से स्पष्ट कीजिए।



Linking Laws | Linking Laws Tansukh Sir | www.LinkingLaws.com | Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**Question No.14** **[06 Marks]**

**What is meant by expression "the State" for the purpose of Part III (Fundamental Rights) of the Constitution of India? Explain with relevant case law.**

भारत के संविधान के भाग-3 (मूलभूत अधिकार) के प्रयोजन हेतु अभिव्यक्ति 'राज्य' से क्या आशय है? सुसंगत निर्णित विधि सहित स्पष्ट कीजिए।

**Question No.15** **[06 Marks]**

**The doctrine of part performance can be used as 'Shield but not as a swor Explain the relevance of the above statement with the help of relevant provisions and case law.**

भागिक पालन के सिद्धान्त का उपयोग 'ढाल के रूप में किया जा सकता है ना कि तलवार के रूप में सुसंगत प्रावधान व निर्णित विधि की सहायता से उपरोक्त कथन की प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए।

**Question No.16** **[06 Marks]**

**What considerations should be kept in mind by the court while dealing with an application seeking condonation of delay under section 5 of The Limitation Act, 1963? Should there be any difference in approach when the application for condonation is filed by the State? Cite relevant case law.**

परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 5 के अंतर्गत देरी को क्षमा करने की प्रार्थना के आवेदन को तय करते समय न्यायालय को किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए? यदि राज्य द्वारा क्षमा का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाता है, तो क्या वहां दृष्टीकोण में कोई भिन्नता होनी चाहिए? सुसंगत निर्णित विधि को उद्धरित कीजिए।

**Question No.17** **[06 Marks]**

**Explain Temporary Injunction and discuss when an injunction cannot be granted.**

अस्थाई व्यादेश को स्पष्ट कीजिए एवं कब व्यादेश अनुदत्त नहीं किया जा सकता है, की व्याख्या कीजिए।

**Question No.18** **[06 Marks]**

**"Men may lie but documents will not" critically examine this statement in the light of the provisions excluding oral evidence by documentary evidence under the Indian Evidence Act, 1872.**

"आदमी झूठ बोल सकते हैं लेकिन दस्तावेज नहीं" इस कथन का भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अंतर्गत मौखिक साक्ष्य के दस्तावेजी साक्ष्य से अपवर्जन के प्रावधानों के प्रकाश में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए |

**Question No.19** **[06 Marks]**

**Difference between any three of the following-**

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन में विभेद कीजिए-

a) **Primary Evidence and Secondary Evidence** / प्राथमिक साक्ष्य और द्वितियक साक्ष्य
b) **Mesne profit and Restitution** / मध्यवर्ती लाभ और प्रत्यास्थापना
c) **Bailment and Pledge** / उपनिधान और गिरवी
d) **Res-judicata and estoppel** / प्राङ्न्याय और विबन्धन
e) **Counter claim and set off** / प्रतिदावा और मुजरा

**Question No.20** **[10 Marks]**

**On 15.04.2016, 'A' sold goods for price to 'B'. When demanded money, 'B' sent an e-mail on 20.05.2019 and assured that he would make payment within 02 months. When 'B' did not pay the amount even after 02 months, 'A' filed a suit for recovery of money.**



Linking Laws  Linking Laws Tansukh Sir  www.LinkingLaws.com  Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**'B' filed a written statement and while disputing the liability also raised a plea that the suit was barred by limitation. Before issues were framed, 'B' moved an application and requested the court to frame a preliminary issue regarding limitation and decide the same before proceeding further. The plaintiff filed a reply to such application and contended that the question of limitation is a mixed question of fact and law and thus such issue cannot be decided as a preliminary issue.**
**Write an order deciding the application and issue (if required).**
**15.04.2016** को, 'अ' धन के लिए माल 'ब' को बेचता है। धन की मांग की जाने पर 'ब' **20.05.2019** को एक ई-मेल भेजता है और विश्वास दिलाता है कि वह दो माह के भीतर भुगतान कर देगा। जब 'ब' दो माह के पश्चात भी राशि का भुगतान नहीं करता है, 'अ' धन की वसूली हेतु वाद प्रस्तुत करता है। 'ब' लिखित कथन प्रस्तुत करता है और दायित्व को विवादित करते हुए यह तर्क भी उठाता है कि वाद परिसीमा से बाधित है। विवाद्यकों के विरचित करने से पूर्व 'ब' एक आवेदन प्रस्तुत करता है और न्यायालय से परिसीमा से सम्बन्धित प्रारम्भिक विवाद्यक विरचित करने की तथा आगे कार्यवाही करने से पूर्व उसे तय करने की प्रार्थना करता है। वादी ऐसे प्रार्थना पत्र का जवाब प्रस्तुत करता है और विरोध करता है कि परिसीमा का प्रश्न विधि एवं तथ्य का मिश्रित प्रश्न है और इस प्रकार ऐसा विवाद्यक प्रारम्भिक विवाद्यक के रूप में तय नहीं किया जा सकता।
प्रार्थना पत्र और विवाद्यक (यदि आवश्यक हो तो) का निस्तारण करते हुए आदेश लिखिए।

**Question No.21** **[10 Marks]**

**Landlord 'A' files a petition in the rent tribunal for eviction of 'B', his tenant to whom a shop had been let out on oral tenancy. The petition was filed alleging that 'B' has not paid rent of last 06 months and that the shop in question is required for his son who intends to open a garment showroom. The tenant 'B' files his reply and pleads that he has carried out repairs in the premises with a mutual understanding with the landlord that the cost of repairs be adjusted from the monthly rentals and thus the rent as claimed is not due. A plea was also taken that the landlord has another shop. in a nearby area and subject shop is not fit for a garment showroom. Both 'A' and 'B' filed affidavits in evidence. Whereafter, the tenant 'B' moved following 02 applications under section 21 of The Rajasthan Rent Control Act, 2001-**
भूस्वामी 'अ' किराया प्राधिकरण में एक याचिका 'ब' उसके किरायेदार की बेदखली, जिसको एक दुकान मौखिक किरायेदारी पर किराये पर दी गई थी, हेतु प्रस्तुत करता है। याचिका यह कहते हुए प्रस्तुत की गई थी कि 'ब' ने पिछले छः माह का किराया अदा नहीं किया है और प्रश्नगत दुकान उसे उसके पुत्र के लिए चाहिए, जो परिधान का शोरूम खोलना चाहता है। किराएदार भी उसका जवाब प्रस्तुत करता है और यह अभिवचन करता है कि उसने परिसर में भूस्वामी की इस परस्पर समझ से मरम्मत का कार्य कराया था कि मरम्मत के खर्चों का समायोजन मासिक किराया राशि से होगा और इस प्रकार मांग की गई किराये की राशि देय नहीं है। यह तर्क भी लिया गया कि भूस्वामी के पास आस-पास के क्षेत्र में अन्य दुकान है और प्रश्नगत दुकान परिधान के शोरूम हेतु उपयुक्त नहीं है। दोनों 'अ' व 'ब' ने साक्ष्य में शपथपत्र प्रस्तुत किए। उसके बाद राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, **2001** की धारा **21** के अंतर्गत निम्नलिखित दो प्रार्थना पत्र किराएदार 'ब' ने प्रस्तुत किए-

1. **Issues be framed or points for determination be framed. /** विवाद्यक विरचित किए जाएं या अवधारणीय बिन्दु बनाए जाएं।
2. **He be permitted to cross examine 'A' and the persons who have filed affidavits relied on by 'A'. /** उसे 'अ' एवं उन व्यक्तियों से प्रतिपरीक्षा करने की अनुमति दी जाए जिन्होंने 'अ' के समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत किए।

**'A', the landlord opposed the application. /** भूस्वामी 'अ' ने प्रार्थनापत्रों का विरोध किया।
**Write an order deciding the applications with support of decided case law. /** निर्णित विधि के समर्थन से प्रार्थनापत्रों को निस्तारित करते हुए आदेश लिखिए।


Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

## PAPER – II [Criminal Law]

**Note: Attempt all questions. Marks of each question are mentioned against the question.**
समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके समक्ष अंकित किये गये हैं।

**Question No. 1** **[03 Marks]**

**Zahir Khan, SHO Kotwali, Jaipur arrested Harish in a murder case. On being produced before the Magistrate, he was remanded to police custody for 12 days. Zahir Khan did not provide food to Harish continuously for 04 days, as a result of which health of Harish started deteriorating. On 5th day, Superintendent of Police visited the police station and Harish complained about non-supply of food, consequently, Zahir Khan was suspended and immediately placed in police lines. Ashok Kumar was posted as SHO, who illegally omitted to supply food to Harish for next 04 days, resultantly, Harish dies of hunger. What offence Zahir Khan and Ashok committed? Explain with relevant provisions of law.**

जहीर खान, कोतवाली जयपुर का भारसाधक अधिकारी ने हत्या के मामले में हरीश को गिरफ्तार किया । मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने पर उसे 12 दिन की पुलिस अभिरक्षा में प्रेषित किया गया। जहीर खान ने निरन्तर चार दिनों तक हरीश को भोजन उपलब्ध नहीं कराया, जिसके परिणामस्वरूप हरीश का स्वास्थ्य क्षीर्ण होने लगा। पांचवे दिन पुलिस अधीक्षक पुलिस थाना आया और हरीश ने भोजन नहीं देने की शिकायत की। परिणामस्वरूप जहीर खान को निलम्बित किया गया और तुरन्त पुलिस लाईन भेजा गया। अशोक कुमार भारसाधक अधिकारी के रूप में पदस्थापित हुआ जिसने हरीश को अगले चार दिनों तक भोजन देने का अवैध रूप से लोप किया। फलस्वरूप हरीश भूख से मर जाता है। जहीर खान और अशोक ने क्या अपराध कारित किया ? विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित व्याख्या कीजिए ।

**Question No. 2** **[03 Marks]**

**M/s. Ram Industries is having two directors i.e. Mr. Ram and the District Magistrate of that district. A complaint is filed for the offence punishable under section 138 of The Negotiable Instruments Act, 1881. Discuss briefly about the liability of the District Magistrate being prosecuted in the capacity of director.**

मै. राम इन्डस्ट्रीज के दो निदेशक हैं जो कि श्री राम तथा जिले का जिला मजिस्ट्रेट हैं। परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध हेतु एक परिवाद प्रस्तुत किया गया। निदेशक के रूप में अभियोजित किए जाने पर जिला मजिस्ट्रेट के दायित्व के सम्बन्ध में संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

**Question No. 3** **[03 Marks]**

**During the investigations of a first information report lodged u/s 420 IPC, investigating officer reached at conclusion that an offence punishable u/s 138 of The Negotiable Instruments Act, 1881 is also made out. He collected the cheque dated 13.10.2021, Memo of presentation of cheque for encashment dated 31.10.2021, Cheque dishonor memo dated 07.11.2021, Copy of notice dated 18.11.2021 issued by the complainant to the accused and postal receipt thereof. After completion of investigation charge sheet for the offences punishable under section 420 IPC and 138 of The Negotiable Instruments Act, 1881 is filed in the court on 10.12.2021. Whether Magistrate can proceed against the accused for the offence under section 138 of The Negotiable Instruments Act, 1881 also? Discuss.**

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 के अन्तर्गत दायर प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसंधान के दौरान अनुसंधान अधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 दण्डनीय अपराध भी बनता है। उसने चैक दिनांकित



Linking Laws · Linking Laws Tansukh Sir · www.LinkingLaws.com · Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**13.10.2021**, चैक को नकदीकरण के लिए प्रस्तुत करने का ज्ञापन दिनांकित **31.10.2021**, चैक अनादरण ज्ञापन दिनांकित **07.11.2021**, परिवादी द्वारा अभियुक्त को जारी किए गये सूचना पत्र दिनांकित **18.11.2021** की प्रति और उसकी डाक रसीद एकत्र की। अनुसंधान के पूर्ण होने के पश्चात भारतीय दण्ड संहिता की धारा **420** एवं परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा **138** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध हेतु न्यायालय में आरोप पत्र **10.12.2021** को प्रस्तुत किया। क्या मजिस्ट्रेट परक्राम्य लिखत अधिनियम, **1881** की धारा **138** के अपराध हेतु भी अभियुक्त के विरुद्ध प्रवृत्त हो सकता है? विवेचित कीजिए ।

**Question No. 4** **[03 Marks]**

**State briefly about the disqualifications of a person for appointment as a member of Juvenile Justice Board.**

किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए एक व्यक्ति की निर्योग्यताओं के सम्बन्ध में संक्षेप में बताइए ।

**Question No. 5** **[03 Marks]**

**Write a short note about the constitution of Internal Complaint Committee under The Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013.**

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, **2013** के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति के गठन के बारे में लघु लेख लिखिए ।

**Question No. 6** **[03 Marks]**

**Explain in short the definition of "Sexual Harassment" under The Sexual Harassment Of Women At Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013.**

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, **2013** के अंतर्गत "लैंगिक उत्पीडन " की परिभाषा को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

**Question No. 7** **[03 Marks]**

**What is the procedure to record the statement of victim by the police during the course of investigation in a case under The Protection of Children from Sexual Offence Act, 2012?**

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, **2012** के अंतर्गत मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस द्वारा पीड़ित के कथन अभिलिखित करने की प्रक्रिया क्या है?

**Question No.8** **[03 Marks]**

**What offense is committed by husband if he indulges in sexual intercourse with hist own wife, if age of the wife is below 18 years? Explain with relevant provisions and case law.**

पति द्वारा क्या अपराध कारित किया गया जब वह उसकी स्वंय की पत्नी, जिसकी उम्र **18** साल से कम है, के साथ लैंगिक सम्भोग में लिप्त होता है? सुसंगत प्रावधानों एवं निर्णित विधि सहित व्याख्या कीजिए ।

**Question No. 9** **[03 Marks]**

**Ramesh and Sunita, though not married but are living under one roof as husband and wife. Ramesh committed domestic violence with Sunita. Whether Sunita can file a complaint against Ramesh under The Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005? Explain in brief with relevant provisions of law.**

रमेश और सुनीता, जो विवाहित नहीं हैं लेकिन पति व पत्नी की तरह एक छत के नीचे साथ रह रहे हैं। रमेश, सुनीता के साथ घरेलू हिंसा करता है। क्या सुनीता रमेश के विरुद्ध घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, **2005** के अंतर्गत परिवाद प्रस्तुत कर सकती है? विधि के सुसंगत प्रावधानों सहित संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए ।



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**Question No.10** **[03 Marks]**

**20 years & 6 months old Ramesh is convicted for an offence punishable under section 304 II of Indian Penal Code, 1860. Whether such accused has a right to be released on probation? Explain with the help of relevant provision and case law.**

भारतीय दण्ड संहिता, **1860** की धारा **304 II** के अंतर्गत दण्डनीय अपराध में **20** वर्ष एवं **6** माह की उम्र के रमेश को दोषसिद्ध किया जाता है। क्या ऐसा अभियुक्त परीवीक्षा पर छूटने का अधिकार रखता है**?** सुसंगत प्रावधान और निर्णीत विधि की मदद से व्याख्या कीजिए ।

**Question No.11** **[04 Marks]**

**Akash and Bhushan commit robbery. Akash at the time of committing robbery threatened the victim with a pistol which he was carrying but did not fire. Both were convicted under section 392 and 397 IPC. Explain the legality of the judgement.**

आकाश एवं भूषण ने लूट कारित की। लूट कारित करते समय आकाश ने पिस्तोल**,** जो वह धारित करता था**,** से पीड़ित को धमकाया परन्तु पिस्तोल नहीं चलाई। भारतीय दण्ड संहिता की धारा **392** एवं **397** के अंतर्गत दोनों को दोषसिद्ध किया गया। निर्णय की वैधता को स्पष्ट कीजिए ।

**Question No.12** **[04 Marks]**

**Whether the Magistrate is precluded to pass a sentence, in an application under section 125 (3) of the Code of Criminal Procedure, beyond a period of 01 month in pursuance of execution warrant on a consolidated application made within 01 year from the date on which the amount become due?**

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा **125 (3)** के अंतर्गत आवेदन में राशि देय होने के एक वर्ष के भीतर प्रस्तुत समेकित आवेदन पर वारण्ट के निष्पादन के अनुसरण में**,** क्या मजिस्ट्रेट एक माह की अवधि से अधिक की सजा सुनाने से निवारित है**?**

**Question No.13** **[04 Marks]**

**(a)** **'Relevancy' and 'Admissibility' are not co-extensive terms". Explain. /** "सुसंगतता' और 'ग्राह्यता' सह व्यापक पद नहीं हैं। विवेचित कीजिए ।

**(b)** **Explain "refreshing memory" of the witness with the help of relevant provision. /** सुसंगत प्रावधान की सहायता से साक्षी की "स्मृति ताजा करना" को स्पष्ट कीजिए ।

**Question No.14** **[04 Marks]**

**How many types of appeals are provided under The Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2015?**

किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम**, 2015** के अंतर्गत कितने प्रकार की अपीलें प्रावधानित हैं**?**

**Question No.15** **[03 Marks]**

**What care the court should take to record the statement of victim in cases under the provisions of The Protection of Children from Sexual Offence Act, 2012? Explain with the relevant provisions of law and case law.**

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम**, 2012** के प्रावधानों के अंतर्गत मामलों में पीड़ित के कथन लेखबद्ध करने में न्यायालय को क्या ध्यान रखना चाहिए**?** सुसंगत प्रावधानों व निर्णित विधि सहित स्पष्ट कीजिए ।

**Question No.16** **[06 Marks]**

**Define any three of the following -**

निम्न में से किन्हीं तीन को परिभाषित कीजिए



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.



a) **Thug /** ठग
b) **Grievous Hurt /** गंभीर उपहति
c) **Trafficking of person /** व्यक्ति का दुर्व्यापार
d) **Extortion /** उद्दापन
e) **Robbery /** लूट

**Question No.17** **[06 Marks]**

**What shall be the effect of following defects in a criminal trial? Explain referring the relevant provisions of Code of Criminal Procedure, 1973 and case laws -**

एक दाण्डिक विचारण में निम्नलिखित कमियों का क्या प्रभाव होगा? दण्ड प्रक्रिया संहिता, **1973** के सुसंगत प्रावधानों और निर्णित विधि के संदर्भ देते हुए विवेचन कीजिए

a. **The Charge is defective. /** आरोप दूषित है।
b. **Judgment of conviction and sentence delivered in the absence of accused. /** दोषसिद्धि एवं सजा का निर्णय अभियुक्त की अनुपस्थिति में पारित किया गया ।
c. **Material Prosecution witnesses examined by the court without securing the presence of accused in the court. /** अभियुक्त की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित किए बिना न्यायालय द्वारा तात्विक अभियोजन साक्षियों का परीक्षण ।

**Question No.18** **[06 Marks]**

**Distinguish between the following-**

निम्नलिखित के बीच में विभेद कीजिए

a) **Enquiry and Trial /** जांच एवं विचारण
b) **Discharge and Acquittal /** उन्मोचन एवं दोषमुक्ति
c) **Summons Case and Warrant Case /** समन मामला एवं वारण्ट मामला

**Question No.19** **[06 Marks]**

**What is a dying declaration? Explain fully the law in India relating to the admissibility in evidence of a dying declaration. Can a dying declaration form the sole basis of a conviction? Explain with relevant provisions and case law.**

मृत्युकालिक कथन क्या है**?** मृत्युकालिक कथन की साक्ष्य में ग्राहृता के विषय में भारत में विधि को पूर्ण रूप से विवेचित कीजिए। क्या मृत्युकालिक कथन दोषसिद्धि का एकमात्र आधार बन सकता है**?** सुसंगत प्रावधानों एवं निर्णीत विधि सहित स्पष्ट कीजिए ।

**Question No. 20** **[06 Marks]**

**Explain any three in view of the definitions provided under The Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2015-**

किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, **2015** के अंतर्गत प्रावधानित परिभाषाओं का ध्यान रखते हुए किन्हीं तीन को स्पष्ट कीजिए

a) **Best interest of child /** बालक का सर्वोत्तम हित
b) **Children court /** बाल न्यायालय
c) **Fit facility /** उचित सुविधा तन्त्र
d) **Orphan /** अनाथ
e) **Surrendered child /** अभ्यर्पित बालक



Linking Laws  Linking Laws Tansukh Sir  www.LinkingLaws.com  Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**Question No.21** **[10 Marks]**

**Police Station Kotwali Alwar received information in the evening of 09.03.1992 that a truck RJ02 A 2233 had broken the forest department barrier and collided with a motorcycle. The receipt of this information (By means of telephonic conversation) alerted the police. Sub Inspector Radha Mohan along with others were stationed at vantage point, on the main road when the truck reached there. SI Radha Mohan signaled the truck to stop. It was being driven by the accused. Instead of applying brakes, the accused tried to speed away, upon which SI Radha Mohan tried to board the truck from its left side. Accused warned SI Radha Mohan not to do so and that he would be killed. Nevertheless, SI Radha Mohan boarded the truck. Immediately, the accused pushed him, as a result whereof SI Radha Mohan fell off the truck and was run over by its rear wheels and expired at the spot. Accused fled away with the truck. He was later caught and arrested.**

**Frame Charge and write a judgment.**

**09.03.1992** की शाम को पुलिस थाना कोतवाली अलवर ने एक सूचना प्राप्त की कि एक ट्रक आर.जे. **02** ए **2233** ने वन विभाग के बेरीयर को तोड़ दिया और एक मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। इस सूचना की प्राप्ति (टेलिफोनिक बातचीत के साधनों द्वारा) ने पुलिस को सचेत कर दिया। उप-निरीक्षक राधा मोहन अन्य के साथ वैन्टेज पॉईन्ट मुख्य सड़क पर खड़ा हो गया, जब ट्रक वहां पहुंचा। उप-निरीक्षक राधा मोहन ने ट्रक को रूकने का इशारा किया। यह अभियुक्त द्वारा चलाया जा रहा था। ब्रेक लगाने के बजाय, अभियुक्त ने रफ्तार से भागने की कोशिश की जिसपर उप-निरीक्षक राधा मोहन ने ट्रक पर बायीं तरफ से चढ़ने का प्रयास किया। अभियुक्त ने उप-निरीक्षक राधा मोहन को ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी अन्यथा वह मारा जाएगा। इसके बावजूद भी उप-निरीक्षक राधा मोहन ट्रक पर चढ़ गया। अभियुक्त ने तुरन्त उसे धक्का दिया, जिसके परिणमस्वरूप उप निरीक्षक राधा मोहन ट्रक गिर गया और ट्रक के पिछले पहियों के नीचे आ गया और मौके पर ही मर गया। अभियुक्त ट्रक सहित भाग गया। वह बाद में पकड़ा गया और गिरफ्तार किया गया।

आरोप विरचित कीजिए और निर्णय लिखिए ।

**Question No.22** **[10 Marks]**

**On 26.05.2004, marriage function of the daughter of one Rama was going on in village Pipli. In the said marriage function Rama invited complainant Madhu Singh (PW 2) and his family members. In the afternoon between 3 to 4pm, Sh. Mal Singh and Smt. Sajjan Bai, father and mother of the complainant went to the house of Rama as invitees. Madhu Singh was taking meal. At this juncture, accused Bonder, his sons accused Pappu and Munna reached there. They abused Mal Singh and ask him as to who had invited him. There was exchange of hot words and an altercation took place. Suddenly, Pappu deait a lathi blow on the left side of the head of Mal Singh. Accused Munna also caused injury on left shoulder and left hand of Mal Singh. At that moment Madhu, Man Singh and Sajjan Bai, witnesses, rushed to save Sh. Mal Singh. Accused threatened these persons and escaped from the spot. Mal Singh was taken to the hospital where he scrummed to the injury on 27.05.2004. Accused were apprehended and produced before the court.**

**Frame Charge and write a judgment.**

**26.05.2004** को गांव पीपली में रामा की पुत्री का वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में रामा ने परिवादी मधु सिंह (पी.ड. **2**) और उसके परिवार के सदस्यों को आमन्त्रित किया । दोपहर पश्चात **3** से **4** बजे के मध्य मल सिंह और सज्जन बाई, परिवादी के पिता और माता आमन्त्रित के रूप में रामा के घर गये । मधू सिंह भोजन ले रहा था। इस समय पर अभियुक्त बोन्दर व उसके पुत्र अभियुक्तगण पप्पू और मुन्ना वहां पहुंचे। उन्होंने मल सिंह को गालियां निकालीं और उससे कहा कि उसे किसने आमंत्रित किया। वहां तीखी बहस और तकरार हो गई। अचानक पप्पू ने मल सिंह के सिर के बाईं तरफ लाठी से वार किया। अभियुक्त मुन्ना ने भी मल सिंह के बायें हाथ और बायें कंधे पर उपहति कारित की। इसी क्षण पर मधु, मान सिंह



Linking Laws  Linking Laws Tansukh Sir  www.LinkingLaws.com  Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

और सज्जन बाई, साक्षीगण, श्री मल सिंह को बचाने के लिए दौड़े। अभियुक्त ने इन व्यक्तियों को धमकाया और मौके से भाग गए। मल सिंह को अस्पताल ले जाया गया जहां वह चोट के कारण **27.05.2004** को मर गया। अभियुक्तगण पकड़े गए और न्यायालय के समक्ष पेश किए गए।

आरोप विरचित कीजिए और निर्णय लिखिए।

## PAPER – III [ENGLISH]

**Note: Attempt all questions. Marks of each question are mentioned against the question**

समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिये प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके समक्ष अंकित किये गये हैं।

**Question No. 1** **[20 Marks]**

**Write an essay on any one of the following in about 500 words**

(A) Triple Talaq

(B) Capital Punishment

**Question No 2** **[15 Marks]**

**Write an essay on any one of the following in about** 400 **words-**

(A) Role of media in protecting democratic values in India

(B) Alternative dispute resolution system

**Question No 3** **[15 Marks]**

**Write an essay on any one of the following in about** 400 **words-**

(A) Crypto currency

(B) Online Education

## PAPER – IV [HINDI]

**नोट: समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके समक्ष अंकित किये गये हैं।**

**प्र. संख्या 1** **[20 Marks]**

**निम्न में से किसी एक पर अधिकतम** 600 **शब्दों में निबन्ध लिखिए**

(अ) निजता का अधिकार

(ब) बाल अपराध

**प्र. संख्या 2** **[15 Marks]**

**निम्न में से किसी एक पर अधिकतम** 450 **शब्दों में निबन्ध लिखिए।**

(अ) पुलिस मुठभेड़ : आवश्यकता, बाध्यता या मजबूरी

(ब) बढ़ती भौतिकता एवं घटते मानवीय मूल्य

**प्र. संख्या 3** **[15 Marks]**

**निम्न में से किसी एक पर अधिकतम** 450 **शब्दों में निबन्ध लिखिए**

(अ) भारत में विमुद्रीकरण, **2016**

(ब) एक राष्ट्र एक चुनाव



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.